# करवा चौथ मनाओ सखिययों | By Laxmi Swami

आज पूजा की थाली सजाओ सखियों
करवा चौथ त्यौहार मनाओ सखियों
व्रत नियम से इसको सजाओ सखियों
करवा चौथ त्यौहार मनाओ सखियों

करू व्रत नेम पूजा आराधना
तेरी लम्बी उम्र की करू कामना
आज दुल्हन सा मुझको सजाओ सखियों
करवा चौथ त्यौहार मनाओ सखियों

देख चंदा को सूरत निहारु पिया
आप पर प्राण तन मन मैं वारु पिया
मेरे पिव को नज़र ना लगाओ सखियों
करवा चौथ त्यौहार मनाओ सखियों

जिन सखियों के पिया गए हैं विदेश
उन सखियों के आज बेरंग हैं वेश
आज जोड़ा सुहागों वाला लाओ सखियों
करवा चौथ त्यौहार मनाओ सखियों

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a5%8c%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%93-%e0%a4%b8%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-by-laxmi-swami/